**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3413**

**उत्तर देने की तारीख : 12.03.2026**

**उच्च विकास वाले एमएसएमई का मानचित्रण**

**3413. श्री कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी :**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने तेलंगाना में विशेष रूप से रक्षा, एयरोस्पेस, फार्मास्यूटिकल्स, खाद्य प्रसंस्करण और हथकरघा के क्षेत्र में उच्च विकास वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) समूहों का जिला-वार मानचित्रण शुरू किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षो के दौरान तेलंगाना में सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी निधि न्यास (सीजीटीएमएसई), प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), पारंपरिक उद्योगों के पुनरुद्धार के लिए निधि योजना (स्फूर्ति) और सूक्ष्म और लघु उद्यम-क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) के अंतर्गत स्वीकृत और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है और रोजगार और निर्यात में कितनी वृद्धि हुई है;

(ग) क्या सरकार औपचारिक ऋण पहुंच, गुणवत्ता प्रमाणन और डिजिटल अनुपालन में सुधार लाने के लिए अर्ध-शहरी और ग्रामीण जिलों में एमएसएमई प्रौद्योगिकी और ऋण सुविधा केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी), भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक) और ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के समन्वय के माध्यम से तेलंगाना एमएसएमई को वैश्विक मूल्य शृंखलाओं के साथ एकीकृत करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या तेलंगाना में अपने सूचना प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र का लाभ उठाते हुए एक प्रायोगिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के त्वरित उन्मूलन मॉडल पर विचार किए जाने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

(क) और (ख): केंद्र सरकार विभिन्न स्कीमों, कार्यक्रमों और नीतिगत पहलों जैसे सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), परंपरागत उद्योगों के पुनर्सृजन हेतु निधि स्कीम (स्फूर्ति) और सूक्ष्म एवं लघु उद्यम - क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) आदि के माध्यम से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के प्रयासों में सहयोग प्रदान करती है।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार का सूक्ष्म और लघु उद्यम-क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) मौजूदा क्लस्टरों में सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) की उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए सामान्य सुविधा केन्द्रों (सीएफ़सी) की स्थापना और अवसंरचनात्मक सुविधाओं (आईडी परियोजनाओं) के सृजन/उन्नयन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करता है। एमएसई-सीडीपी के तहत तेलंगाना में अनुमोदित परियोजनाओं का ब्यौरा अनुबंध-I पर है।

परंपरागत उद्योगों के पुनर्सृजन हेतु निधि स्कीम (स्फूर्ति) के तहत, तेलंगाना के 9 जिलों में कुल 16 क्लस्टर स्वीकृत किए गए हैं, जिनके लिए सरकार द्वारा 33.09 करोड़ रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है, इससे राज्य भर के 9,109 पारंपरिक कारीगरों को लाभ मिलना प्रस्तावित है। स्वीकृत 16 क्लस्टरों में से 13 क्लस्टर कार्यरत हैं। तेलंगाना में स्वीकृत क्लस्टरों का क्षेत्रवार विवरण अनुबंध-II में संलग्न है।

विगत पाँच वर्षों के दौरान तेलंगाना में स्वीकृत स्फूर्ति क्लस्टरों में स्वीकृत और उपयोग की गई निधि का विवरण:

| क्रक्र०सं० | क्लस्टर का नाम | जिला | लाभान्वित होने वाले प्रस्तावित कुल कारीगर | स्वीकृत निधियाँ (लाख रुपए में) | उपयोगित निधि (लाख रुपए में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुंडीमाला मक्का और वर्मी कम्पोस्टिंग क्लस्टर | मेहबूबनगर | 565 | 239.34 | 239.34 |
| 2. | निज़ामाबाद हल्दी क्लस्टर | निजामाबाद | 503 | 102.87 | 102.87 |
| 3. | पूदुर सब्जी और फल प्रसंस्करण क्लस्टर | मेडचल-मल्काजगिरि | 1629 | 301.36 | 301.36 |
| 4. | वानापर्थी ज़री जरदोज़ी क्लस्टर, तेलंगाना | वानापर्थी | 328 | 14.00 | 14.00 |

वित्तीय वर्ष 2020-21 से वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान तेलंगाना राज्य में पीएमईजीपी के तहत सहायता प्राप्त सूक्ष्म उद्यमों की संख्या:

| वित्त वर्ष | सहायता प्राप्त सूक्ष्म उद्यमों की संख्या | एमएम सब्सिडी (करोड़ रुपए में) | अनुमानित रोजगार सृजन |
|---|---|---|---|
| 2020-21 | 2025 | 63.76 | 16,200 |
| 2021-22 | 2906 | 98.46 | 23,248 |
| 2022-23 | 2540 | 102.25 | 20,320 |
| 2023-24 | 2503 | 108.12 | 20,024 |
| 2024-25 | 1850 | 82.82 | 14800 |

सूक्ष्म और लघु उद्यम मंत्रालय, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) को दिए गए ऋणों के लिए ऋण गारंटी प्रदान करने हेतु क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट के माध्यम से एमएसई के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम (सीजीएस) लागू करता है। इस स्कीम के अंतर्गत गारंटी कवरेज की अधिकतम सीमा 10 करोड़ रुपए है।

| विगत पाँच वर्षों के लिए- सीजीटीएमएसई के तहत प्रगति रिपोर्ट (अखिल भारत और तेलंगाना) | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र० सं० | राज्य और संघ राज्य क्षेत्र | वित्त वर्ष 20-21 | | वित्त वर्ष 21-22 | | वित्त वर्ष 22-23 | | वित्त वर्ष 23-24 | | वित्त वर्ष 24-25 | |
| | | गारंटियों की संख्या | अनुमोदित राशि (करोड़ रुपए में) | गारंटियों की संख्या | अनुमोदित राशि (करोड़ रुपए में) | गारंटियों की संख्या | अनुमोदित राशि (करोड़ रुपए में) | गारंटियों की संख्या | अनुमोदित राशि (करोड़ रुपए में) | गारंटियों की संख्या | अनुमोदित राशि (करोड़ रुपए में) |
| 1 | तेलंगाना | 22,021 | 1,407.78 | 24,009 | 1,958.98 | 29,792 | 3,502.89 | 41,940 | 6,368.05 | 97,292 | 11,586.39 |
| 2 | अखिल भारत | 835,592 | 36,899.39 | 717,020 | 56,171.87 | 1,165,786 | 104,781.46 | 1,724,073 | 202,807.32 | 2,715,275 | 305,506.78 |

(ग): सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने 18 प्रौद्योगिकी केंद्र (टीसी) स्थापित किए हैं और प्रौद्योगिकी केंद्र प्रणाली कार्यक्रम (टीसीएसपी) के तहत 15 नए प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें से 9 टीसी का उद्घाटन हो चुका है और इन्हें राष्ट्र को समर्पित किया गया है। ये केंद्र प्रौद्योगिकी, कौशल विकास और सलाहकार सेवाओं के माध्यम से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को सहयोग प्रदान करते हैं और सीएनसी 7 एक्सिस, ईडीएम, हाइड्रोलिक प्रेस, इंजेक्शन मोल्डिंग, वीएचटी आदि जैसी अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित हैं। वर्तमान में तेलंगाना में हैदराबाद स्थित केंद्रीय उपकरण डिजाइन संस्थान (सीआईटीडी) कार्यरत है।

(घ) और (ङ): सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने देश भर में अपने क्षेत्रीय कार्यालयों में 65 निर्यात सुविधा केंद्र (ईएफसी) स्थापित किए हैं, जिनका उद्देश्य एमएसएमई को उनके उत्पादों और सेवाओं के निर्यात में आवश्यक मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करना है, जिसमें तेलंगाना में 2 ईएफसी नामश: सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ टूल डिजाइन (सीआईटीडी), हैदराबाद और एमएसएमई-विकास कार्यालय, हैदराबाद शामिल हैं।

सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 से वित्त वर्ष 2030-31 की अवधि के लिए निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) स्कीम को मंजूरी दे दी है, जिसका उद्देश्य, विशेष रूप से लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए, भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करना है। ईपीएम में दो एकीकृत उप-योजनाएं शामिल हैं:

- निर्यात प्रोत्साहन, ब्याज सब्वेंशन, निर्यात फैक्टरिंग, निर्यात ऋण के लिए कोलेटरल गारंटी, ई-कॉमर्स निर्यातकों के लिए ऋण और ऋण संवर्धन समर्थन जैसे साधनों के माध्यम से व्यापार वित्त तक पहुंच में सुधार पर केंद्रित है; और
- निर्यात दिशा, निर्यात गुणवत्ता और अनुपालन सहायता, अंतरराष्ट्रीय ब्रांडिंग और पैकेजिंग, बाजार पहुंच पहल, निर्यात लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग, और व्यापार खुफिया जैसी अन्य व्यापार सहायक सेवाओं पर केंद्रित है।

मंत्रालय ने व्यापार सक्षमता और विपणन (टीम) स्कीम शुरू की है, जिसका उद्देश्य विक्रेता नेटवर्क प्रतिभागियों (एसएनपी) को डिजिटल वाणिज्य के लिए खुले नेटवर्क (ओएनडीसी) पर शामिल होने में वित्तीय सहायता प्रदान करके सूक्ष्म और लघु उद्यमों को सुविधा देना है। इसमें शामिल होने, सूचीकरण, खाता प्रबंधन, रसद, पैकेजिंग सामग्री और डिजाइन के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। गौरतलब है कि इन लाभार्थी एमएसएमई में से आधे महिला स्वामित्व वाले उद्यम होंगे।

सरकार एक खुला, अंतरसंचालनीय और प्रतिस्पर्धी ई-कॉमर्स इकोसिस्टम बनाने के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) ढांचे के रूप में ओएनडीसी को बढ़ावा दे रही है।

*******

अनुबंध- I

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3413, जिसका उत्तर दिनांक 12.03.2026 को दिया जाना है, के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**एमएसई-सीडीपी के तहत तेलंगाना में अनुमोदित परियोजनाओं का ब्यौरा**

| क्र०सं० | सीएफ़सी परियोजना का नाम | जिला | क्षेत्र | परियोजना लागत (लाख रुपए में) | अनुमोदित भारत सरकार अनुदान (लाख रुपए में) | स्थिति (चालू/पूर्ण) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वर्ण आभूषण क्लस्टर | कारीमनगर | रत्न और आभूषण | 580.00 | 446.00 | चालू |
| 2 | चावल मिल क्लस्टर | जगतियाल | एग्रो-प्रोसेसिंग | 998.00 | 798.40 | चालू |

और, एमएसई-सीडीपी के तहत तेलंगाना में अवसंरचनात्मक विकास (आईडी) परियोजनाओं का ब्यौरा निम्न प्रकार से है:

| क्र०सं० | परियोजना का नाम | जिला | कुल परियोजना लागत (लाख रुपए में) | अनुमोदित भारत सरकार अनुदान (लाख रुपए में) | स्थिति (चालू/पूर्ण) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुजुलारामराम में नया औद्योगिक क्षेत्र | रंगा रेड्डी | 347.00 | 139.00 | पूर्ण |
| 2 | टूप्रान मंडल, मेडक स्थित ऑटोमोटिव और इंजीनियरिंग क्लस्टर पार्क में नया औद्योगिक क्षेत्र | मेडक | 940.82 | 752.65 | पूर्ण |
| 3 | वारंगल जिले के मदिकोंडा गांव में नया औद्योगिक क्षेत्र | वारंगल | 1061.19 | 735.6 | पूर्ण |
| 4 | पालवांचा में औद्योगिक पार्क का उन्नयन | भद्राद्रीकोथागुडेम | 1014.76 | 800.00 | चालू |
| 5 | चन्देनवल्ले, रंगा रेड्डी में फ्लैटेड फैक्टरी परिसर | रंगा रेड्डी | 1541.04 | 1180.88 | चालू |
| 6 | जाडचेरला में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स | महबूबनगर | 1515.64 | 1160.39 | चालू |
| 7 | मडिकोंडा में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स | वारंगल | 1549.35 | 1161.95 | चालू |
| 8 | तुनिकीबोल्लाराम में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स | सिद्दीपेट | 1467.79 | 1106.45 | चालू |
| 9 | दांडू मलकापुर, यदाद्री में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स | भुवनगिरी | 1460.00 | 1137.57 | चालू |
| 10 | मार्केटिंग हब - (महिला उद्यमी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एवं प्रौद्योगिकी केंद्र) नंदीगामा गांव, पटनचेरु मंडल | सांगा रेड्डी | 1150 | 680 | चालू |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | नर्मला, राजन्ना सिरसिला में नया औद्योगिक पार्क | राजन्ना सिरसिल्ला | 1043.47 | 758.3 | चालू |
| 12 | वारंगल ग्रामीण में नया औद्योगिक एस्टेट (काकतीय मेगा टेक्सटाइल पार्क)। | वारंगल | 1010.4 | 683.29 | चालू |
| 13 | गडवाल, जोगुलाम्बा गडवाल में औद्योगिक पार्क का उन्नयन | जोगुलम्बा गडवाल | 1000.63 | 800 | चालू |
| 14 | मंचेरियल में औद्योगिक पार्क का उन्नयन | मंचेरियल | 702.26 | 561.81 | चालू |
| 15 | जाडचेरला में औद्योगिक संपदा का उन्नयन | महबूबनगर | 733.6 | 586.88 | चालू |
| 16 | जीदीमेटला में औद्योगिक संपदा का उन्नयन | मेडचल-मलकानजगिरि | 1000 | 800 | चालू |
| 17 | मेडचल जिले के चेरलापल्ली औद्योगिक संपदा का उन्नयन | मेडचल | 1030 | 600 | चालू |
| 18 | आर्मूर में नया औद्योगिक क्षेत्र | निजामाबाद | 935.09 | 674.09 | चालू |
| 19 | रावलकोले (वी), मलकाजगिरि में नया औद्योगिक क्षेत्र | मलकाजगिरी | 1036.57 | 710.80 | चालू |
| 20 | बुग्गापाडु में नया औद्योगिक क्षेत्र | खम्माम | 848.13 | 559.25 | चालू |
| 21 | कल्लेम में नया औद्योगिक क्षेत्र | जनगाँव | 1070.88 | 678.88 | चालू |
| 22 | ऑटोनगर, कुंदनपल्ली गांव, रामागुंडम मंडल में नया औद्योगिक क्षेत्र | पेडापल्ली | 990.75 | 656.62 | चालू |
| 23 | सुल्तानपुर में नया औद्योगिक क्षेत्र | सांगा रेड्डी | 940.05 | 637.70 | चालू |
| 24 | हैदराबाद के ऑटोनगर में औद्योगिक पार्क का उन्नयन | रंगा रेड्डी | 1054.26 | 650.65 | चालू |
| 25 | भोंगीर में औद्योगिक पार्क का उन्नयन | यादद्रीभुवनगिरी | 714.17 | 484.13 | चालू |
| 26 | मंडपल्ली में नए औद्योगिक एस्टेट की स्थापना | सिद्दीपेट | 1007.62 | 610.88 | चालू |

एमएसई-सीडीपी एक मांग-आधारित केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम है, जिसमें राज्य सरकारें अपने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में मौजूदा क्लस्टर की सामान्य आवश्यकताओं के अनुसार प्रस्ताव भेजती हैं, जिसके परिणामस्वरूप सामान्यतया रोजगार में वृद्धि होती है।

अनुबंध – II

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3413, जिसका उत्तर दिनांक 12.03.2026 को दिया जाना है, के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**तेलंगाना में स्फूर्ति क्लस्टरों का क्षेत्र-वार ब्यौरा**

| क्र०सं० | क्षेत्र | क्लस्टर का नाम | स्थिति | जिला | लाभान्वित होने वाले प्रस्तावित कुल कारीगर | भारत सरकार द्वारा कुल प्रतिबद्ध सहायता (लाख रुपए में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वस्त्र | बंजारा कढ़ाई क्लस्टर | कार्यात्मक | निजामाबाद | 685 | 191.51 |
| 2. | | वानापर्थी ज़री जरदोज़ी क्लस्टर, तेलंगाना | क्रियान्वयन अधीन | वानापर्थी | 328 | 174.47 |
| 3. | वस्त्र-हथकरघा | इज़ा गडवाल क्लस्टर | कार्यात्मक | महबूबनगर | 600 | 198.55 |
| 4. | | मोठकुर इकत हथकरघा क्लस्टर | कार्यात्मक | महबूबनगर | 400 | 143.38 |
| 5. | | ज़रदोज़ी शिल्प क्लस्टर हैदराबाद | कार्यात्मक | हैदराबाद | 624 | 195.39 |
| 6. | | ज़रदोज़ी शिल्प क्लस्टर विकाराबाद | कार्यात्मक | विकाराबाद | 650 | 192.26 |
| 7. | | अमरचिंता हथकरघा क्लस्टर | कार्यात्मक | वानापर्थी | 350 | 230.69 |
| 8. | बांस | चंद्रुगोंडा बांस क्लस्टर | कार्यात्मक | भद्राद्रीकोथागुडेम | 1006 | 313.47 |
| 9. | कृषि | गुंडीमाला मक्का और वर्मी कम्पोस्टिंग क्लस्टर | कार्यात्मक | महबूबनगर | 565 | 239.34 |
| 10. | | निज़ामाबाद हल्दी क्लस्टर | क्रियान्वयन अधीन | निजामाबाद | 503 | 233.54 |
| 11. | | पूदुर सब्जी और फल प्रसंस्करण क्लस्टर | क्रियान्वयन अधीन | मेडचल-मलकाजगिरि | 1629 | 430.56 |
| 12. | हस्तशिल्प | कारीमनगर सिल्वर फिलिग्री कार्य क्लस्टर | कार्यात्मक | कारीमनगर | 520 | 250 |
| 13. | | लाख की चूड़ियाँ क्लस्टर | कार्यात्मक | हैदराबाद | 726 | 187.39 |
| 14. | | पेमभारथी धातुवेयर क्लस्टर | कार्यात्मक | वारंगल | 200 | 149.96 |
| 15. | | कुंभकारी क्लस्टर | कार्यात्मक | निजामाबाद | 163 | 77.87 |
| 16. | | जनजातीय आभूषण क्लस्टर | कार्यात्मक | निजामाबाद | 160 | 101.22 |
| **कुल** | | | | | **9109** | **3309.6** |